संपादकीय

अब अपराध छिपाना मुश्किल

भारत सरकार अपराधियों की पहचान के लिए एक नया कानून बनाना चाहती है। उसने संसद में जो विधेयक पेश किया है, उसके तहत अब पुलिस उन सभी लोगों की पहचान के नए तरीके अपनाएगी, जो या तो गिरफ्तार हुए हैं या जिन्हें सजा हुई है या जो नजरबंद किए गए हैं। ऐसे लोगों की पहचान का पुराना सिलसिला 1920 में बने कानून के तहत अभी तक चल रहा है। 100 साल पुराने इस कानून के मुताबिक उक्त श्रेणियों के लोगों की उंगलियों, हथेलियों और पगथलियों के छापे ले लिये जाते हैं लेकिन अब इस नए कानून के मुताबिक उक्त तीनों के अलावा उनके फोटो, आंख की पुतलियों के चित्र, शारीरिक और जैविक तत्वों, उनके हस्ताक्षर आदि के पहचान-प्रमाण भी पुलिस अपने पास संभालकर रखेगी। ये प्रमाण 75 वर्ष तक रखे जाएंगे। इस विधेयक के संसद में पेश होते ही विपक्षी सांसदों ने इस पर हमला बोल दिया है। उनका कहना है कि इस तरह के पहचान-प्रमाण इक_ करना मानव अधिकारों का हनन है। यह लोगों की गोपनीयता का सरासर उल्लंघन है। ऐसे लोगों की भी गोपनीयता इस कानून से भंग होती रहेगी, जिन्हें फर्जी आरोपों में गिरफ्तार और नजरबंद कर लिया गया होगा। पुलिस तो उन सरकार-विरोधी प्रदर्शनकारियों को पकडक़र उनके सारी निजी और गोपनीय जानकारियां भी इक_ी कर लेगी, जिनका अपराध से दूर-दूर का भी कोई संबंध नहीं है। विपक्षी सदस्यों का आरोप था कि यह विधेयक न केवल भारतीय सविधान बल्कि संयुक्तराष्ट्र संघ घोषणा-पत्र का भी उल्लंघन करता है। उन्हें यह इतना आपत्तिजनक लगा कि यह विधेयक पेश किया जाए या नहीं, इस मुद्दे पर भी मतदान करवाना पड़ गया। विधेयक पेश तो हो गया है, लेकिन मेरी समझ में यह नहीं आ रहा है कि हमारे नेता लोग अपनी गोपनीयता को इतना ज्यादा महत्व क्यों देते हैं? उनका जीवन और नागरिकों का जीवन खुली किताब की तरह क्यों नहीं होना चाहिए? आप कोई बात या काम छिपाना चाहते हैं, इसका मतलब क्या यह नहीं हुआ कि आप कोई न कोई गलत काम कर रहे हैं? इसके अलावा अब अपराध करने के बहुत-से नए तरीके अपनाए जाने लगे हैं तो उनको पकड़ने के 100 साल पुराने तरीकों से आप क्यों चिपके रहना चाहते हैं? अब ऐसे तरीके पुलिस को क्यों नहीं अपनाना चाहिए, जिनसे अपराधियों की पहचान तुरंत हो सके और उनका जांच से बच निकलना भी मुश्किल हो। इस कानून में एक सराहनीय प्रावधान यह भी है कि यदि किसी ऐसे व्यक्ति के पहचान-प्रमाण पुलिस ने इक_ किए हैं, जिसने पहले कभी कोई अपराध नहीं किया हो और वर्तमान मुकदमे में अदालत ने जिसे निर्दोष पाया हो, उसके सारे पहचान-प्रमाण नष्ट कर दिए जाएंगे। अर्थात इस कानून का मूल उद्देश्य अपराधियों को तुरंत पकड़ना है न कि निर्दोष लोगों की निजता या गोपनीयता भंग करना।

वेद प्रताप वैदिक

डायरेक्ट सेलिंग कारोबार 18000 करोड़ से ऊपर पहुंचा

नई दिल्ली। देश में डायरेक्ट सेलिंग कम्पनियों की शीर्ष संस्था इंडियन डायरेक्ट सैलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की जारी वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय डायरेक्ट सेलिंग उद्योग का कारोबार वित्त वर्ष 2020-21 में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 18,067 करोड़ रुपए रहा। रपट के अनुसार कोरोना महामारी के प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद वर्ष के दौरान इस कारोबार में एक वर्ष पहले के मुकाबले 1292 करोड़ रुपए यानी 7.7 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। वर्ष 2019-20 में इस क्षेत्र का कारोबार 16,776 करोड़ रुपए था। रपट के अनुसार वित्त वर्ष 2015-16 से लेकर 2020-21 तक इस कारोबार की वर्ष दर वर्ष आधार पर वृद्धि दर औसतन 12 प्रतिशत रही है।

रिपोर्ट के अनुसार कुल कारोबार में इस अवधि में वेलनेस एवं पौष्टिक औषध उत्पाद श्रेणी का लगभग 58 प्रतिशत तथा सौंदर्य प्रसाधन एवं व्यक्तिगत देखभाल श्रेणी का 22 प्रतिशत का योगदान है। इसी तरह कुल कारोबार में देश के उत्तरी क्षेत्र का सर्वाधिक लगभग 29 प्रतिशत और पूर्वी क्षेत्र का लगभग 26 प्रतिशत योगदान है।

इस दौरान लगभग पांच लाख लोग डायरेक्ट सेलिंग कारोबार से जुड़े और यह संख्या 6.32 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ अब लगभग 79 लाख हो गयी है। जोकि वित्त वर्ष 2019-2020 में लगभग 74 लाख थी। इन प्रत्यक्ष विक्रेताओं में 53 प्रतिशत पुरूष और 47 प्रतिशत महिलाएं हैं। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा, डायरेक्ट सेलिंग उद्योग 79 लाख देशवासियों को आजीविका का अवसर और कौशल प्रदान करने के साथ डिजिटल लेन देन, स्वरोजगार और स्टार्ट-अप को भी बढ़ावा दे रहा है। सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण (डायरेक्ट सेलिंग) नियम-2021 के माध्यम से इस उद्योग को नीतिगत स्पष्टता देने के साथ इसके और उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण किया है। इससे जहां इस उद्योग का तीव्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा वहीं अनैतिक कारोबार में संलिप्त कम्पनियों की उपभोक्ताओं के साथ ठगी की घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। उन्हें खुशी है कि भारत ने विश्व डायरेक्ट सेलिंग बाजार में ठोस जगह बनाने के साथ विश्व वरीयता क्रम में कई पायदान का सुधार किया है जिसके लिये डायरेक्ट सेलिंग संस्थाएं और आईडीएसए बधाई की पात्र है।

आईडीएसए के अध्यक्ष रजत बनर्जी ने कहा, भारत ने डायरेक्ट सेलिंग कारोबार के एक मजबूत बाजार के रूप में गत लगभग आधे दशक के दौरान औसतन 12 प्रतिशत की वार्षिक विकास दर हासिल की है। आईडीएसए की सदस्य कम्पनियों ने वर्ष 2020-21 के दौरान कुल डायरेक्ट सेलिंग कारोबार में लगभग 9,800 करोड़ रूपए का योगदान दिया है जो लगभग 54.2 प्रतिशत है।

नए वित्त वर्ष के पहले दिन बाजार की शानदार शुरूआत, सेंसेक्स 708 अंक उछला

मुंबई। नये वित्त वर्ष के पहले दिन शेयर बाजार की शुरूआत शानदार रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली के बीच एचडीएफसी लि., रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे शेयरों में तेजी के साथ बीएसई सेंसेक्स 708 अंक से अधिक उछलकर 59,000 के स्तर को फिर से प्राप्त कर लिया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 708.18 अंक यानी 1.21 प्रतिशत उछलकर 59,276.69 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 828.11 अंक यानी 1.41 प्रतिशत बढक़र 59,396.62 तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 205.70 अंक यानी 1.18 प्रतिशत चढक़र 17,670.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से एनटीपीसी, पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, टाइटन और इन्फोसिस नुकसान में रहे। कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजार ने इस सप्ताह सकारात्मक रिटर्न दिये। रूस-यूक्रेन बाचीत में प्रगति के बीच वैश्विक स्तर पर भी इक्विटी बाजार मोटे तौर पर मजबूत रहे। दूसरी तरफ, जिंसों के दाम में कुछ सुधार हुआ। भारत में, बाजार व्यापक स्तर पर लाभ में रहा। ज्यादातर खंडवार सूचकांक सकारात्मक दायरे में रहे। उन्होंने कहा, 'इस सप्ताह कच्चे तेल के दाम में सुधार आया और यह आयात पर निर्भर भारत जैसे देशों के लिये सकारात्मक है।

विमान ईंधन की कीमतों में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नईदिल्ली । विमान ईंधन या एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में शुक्रवार को दो फीसदी की बढ़ोतरी की गई। इससे देशभर में एटीएफ के दाम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच एटीएफ के दाम बढ़ाए गए हैं। इस साल सातवीं बार एटीएफ के मूल्य में वृद्धि की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में एटीएफ का दाम 2,258.54 रुपये प्रति किलोलीटर या दो फीसदी की वृद्धि के साथ 1,12,924.83 रुपये प्रति किलोलीटर पर पहुंच गया है। पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में शुक्रवार को हालांकि कोई वृद्धि नहीं की गई। एटीएफ की कीमतों में 16 मार्च को अब तक की सर्वाधिक 18.3 फीसदी (17,135.63 रुपये प्रति किलोलीटर) बढ़ोतरी की गई थी। एटीएफ की कीमतों में 2022 की शुरुआत से हर पखवाड़े वृद्धि हुई है। एक जनवरी से अभी तक एटीएफ की कीमतों में 38,902.92 किलोलीटर या लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

फरवरी में बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि 5.8 प्रतिशत

नई दिल्ली । कोयला, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और इस्पात जैसे क्षेत्रों का उत्पादन बढऩे से आठ बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में फरवरी 2022 में सलाना आधार पर 5.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने जारी विज्ञप्ति में कहा, फरवरी में आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन सूचकांक (आधार वर्ष 2011-12) 5.8 प्रतिशत बढक़र 137.1 अंक रहा।

फरवरी में कोयले का उत्पादन फरवरी 2021 की तुलना में 6.6 प्रतिशत बढ़ा। चालू वित्त वर्ष के 11 महीनों (अप्रैल-फरवरी 2021-22) में कोयला का उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 9.8 प्रतिशत बढ़ा है।

प्राकृतिक गैस के उत्पादन में फरवरी माह के दौरान 12.5 प्रतिशत दर्ज की गयी। जबकि चालू वर्ष के 11 महीनों में इस क्षेत्र का उत्पादन एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 20.5 प्रतिशत बढ़ा है।

पेट्रोलियम रिफाइनरी उद्योग का उत्पादन फरवरी में 8.8 प्रतिशत ऊंचा रहा। जबकि चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में इस क्षेत्र के उत्पादन में 9.2 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गयी है।

इस्पात उत्पादन फरवरी में 5.7 प्रतिशत तथा अप्रैल-फरवरी 2022 में 18.4 प्रतिशत बढ़ा है।

फरवरी में सीमेंट और विद्युत के उत्पादन में भी क्रमश: 5.0 और 4.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। इन क्षेत्रों में चालू वित्त वर्ष के 11 महीनों में उत्पादन क्रमश: 22.4 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत ऊंचा रहा।

कच्चे तेल के उत्पादन में इस वर्ष फरवरी में एक साल पहले इसी माह की तुलना में 2.2 प्रतिशत गिरावट रही। जबकि अप्रैल-फरवरी में कच्चे तेल का उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि से 2.6 प्रतिशत कम रहा।

गैस सिलेंडर के दामों से झटके के बाद सीएनजी-पीएनजी की कीमतों में राहत

मुंबई । देश में लगातार बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल-गैस की बढ़ती कीमतों के बीच आज 1 अप्रैल 2022 को थोड़े राहत के छींटे भी दिए गए हैं। सीएनजी- पीएनजी उपभोक्ताओं को आज मामूली राहत देते हुए कंपनियों ने सीएनजी की कीमतों में 6 रुपये और पीएनजी पर 3.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कटौती की है। बता दें कि, आज तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दामों में भी कोई इजाफा नहीं किया है।

सीएनजी और पीएनजी के दामों में कमी का मुख्य कारण महाराष्ट्र सरकार द्वारा इन पर लगने वाला वैट घटाकर 3 फीसदी कर दिया है, जिससे इनकी कीमतों में गिरावट आई है। महाराष्ट्र सरकार ने 1 अप्रैल से प्राकतिक गैस पर वैट में कटौती करते हुए 13.5 फीसदी से घटाकर 3 फीसदी कर दिया है। नई कीमतों को आज से लागू कर दिया गया है।

मुंबई में गैस सप्लाई करने वाली कंपनी महानगर गैस लिमिटेड ने सीएनजी के खुदरा दाम में 6 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी है। अब मुंबई और उसके आसपास के शहरों में सीएनजी का खुदरा मूल्य 60 रुपये प्रति किलोग्राम और घरेलू पीएनजी का खुदरा मूल्य 36 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर हो गया है।

वहीं दूसरी ओर, आज गैस सिलेंडर के दामों में इजाफा कर आम जनता को महंगाई का झटका दिया है। 1 अप्रैल से एलपीजी सिलेंडर के दामों में एक साथ 250 रुपये बढ़ा दिए गए हैं। तेल कंपनियों ने यह बढ़ोतरी कॉमर्शियल गैस सिलेंडर में की है। इसका असर भी अब देश में बढ़ती महंगाई पर दिखाई देने वाला है।

संतोष ट्रॉफी के लिए 75वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 16 अप्रैल से

कोलकाता। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने घोषणा की कि संतोष ट्रॉफी के लिए 75वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 16 अप्रैल से केरल के मलप्पुरम में खेली जाएगी। टूर्नामेंट के सभी मैच मलप्पुरम के मंजेरी पय्यानाड स्टेडियम और कोट्टप्पाडी स्टेडियम में आयोजित होंगे। वही फाइनल 2 मई को मंजेरी पय्यानाड में खेला जाएगा।

समूह और कार्यक्रम- ग्रुप ए: मेघालय, पंजाब, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, केरल- 16 अप्रैल, सुबह 9.30 बजे, पश्चिम बंगाल बनाम पंजाब, कोट्टप्पाडी फुटबॉल स्टेडियम (केएफएस)

16 अप्रैल, रात 8 बजे, केरल बनाम राजस्थान, मंजेरी पय्यानाड फुटबॉल स्टेडियम (एमपीएफएस)

18 अप्रैल, शाम 4 बजे, राजस्थान बनाम मेघालय, केएफएस

18 अप्रैल, रात 8 बजे, केरल बनाम पश्चिम बंगाल, एमपीएफएस

20 अप्रैल, शाम 4 बजे, पंजाब बनाम राजस्थान, केएफएस

20 अप्रैल, रात 8 बजे, मेघालय बनाम केरल, एमपीएफएस

22 अप्रैल शाम 4 बजे, पश्चिम बंगाल बनाम मेघालय, केएफएस

22 अप्रैल, रात 8 बजे, पंजाब बनाम केरल, एमपीएफएस

24 अप्रैल, शाम 4 बजे, राजस्थान बनाम पश्चिम बंगाल, केएफएस

24 अप्रैल, रात 8 बजे: मेघालय बनाम पंजाब, एमपीएफएस

ग्रुप बी: गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा, सर्विसेज, मणिपुर

17 अप्रैल, शाम 4 बजे: ओडिशा बनाम कर्नाटक, केएफएस

17 अप्रैल, रात 8 बजे: मणिपुर बनाम सर्विसेज, एमपीएफएस

19 अप्रैल, शाम 4 बजे: सर्विसेज बनाम गुजरात, केएफएस

19 अप्रैल, रात 8 बजे: मणिपुर बनाम ओडिशा, एमपीएफएस

21 अप्रैल, शाम 4 बजे: गुजरात बनाम मणिपुर, केएफएस

21 अप्रैल, रात 8 बजे: कर्नाटक बनाम सर्विसेज, एमपीएफएस

23 अप्रैल, शाम 4 बजे, कर्नाटक बनाम मणिपुर, केएफएस

23 अप्रैल, रात 8 बजे, ओडिशा बनाम गुजरात, एमपीएफएस

25 अप्रैल, शाम 4 बजे सेवाएं बनाम ओडिशा, केएफएस

25 अप्रैल, रात 8 बजे गुजरात बनाम कर्नाटक, एमपीएफएस

आज का राशिफल

मेष: आज आप उत्साह से भरपूर होंगे। परिणामस्वरूप आपको कठिन कार्य शुरू करने की इच्छा होगी। आप कोई भी साहस के लिए तैयार रहेंगे। हालांकि साहस करने के धून में कहीं जल्दीबाजी में कदम न उठ जाए उसका आपको विशेष ध्यान रखना पड़ेगा।

वृषभ: आधिपत्य की भावना पर अंकुश रखने की सलाह है। यह भावना आपके निजी जीवन पर प्रभाव न डाले इसका ध्यान रखना पड़ेगा। अपने प्रिय व्यक्ति या जीवनसाथी के प्रति थोड़ा औदार्य एवं विशाल मन रखने की कोशिश करने की सलाह है।

मिथुन: परिवार, मित्रों के साथ छोटी यात्रा करने की इच्छा अधिक तीव्र बनेगी। यह यात्रा पूर्व आयोजित भी हो सकती है। आपका दिन मौज-मस्ती और मनोरंजन में व्यतीत होगा। दांपत्यजीवन में आपको अधिक निकटता का अनुभव होगा।

कर्क: जो कार्य अधूरे रह गए हैं, उन्हें पूरा करने के पीछे आप अधिक परिश्रम करेंगे। आज आप व्यक्तिगत मामलों की अपेक्षा कारकिर्दगी को अधिक महत्त्व देंगे और पूरे दिन नौकरी या व्यवसाय संबंधी कार्य में व्यस्त रहेंगे।

सिंह: अपने दृढ़ मनोबल के कारण आप प्रतिकुलताओं और कठिनाइयों का पूरी शक्ति से सामना कर सकेंगे। हिम्मत हारे बिना आप किसी भी परिस्थिति में से विजेता होकर बाहर आने का निश्चय करेंगे।

कन्या: आपको अपनी अंतर्निहित शक्ति को बाहर लाने का मौका मिलेगा। आपके संपर्क में आनेवाले लोगों के साथ आप हिल-मिलकर सहयोगपूर्वक कार्य कर सकेंगे। आप बहुत अधिक प्राप्त करने के मूड में होंगे, परंतु उसके लिए उतावल न करके धीरे-धीरे आगे बढ़ेंगे।

तुला: आज आपको नए विषयों का ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा होगी। शरीर में जोश और उत्साह अनुभव करेंगे। आज आप मित्रों के साथ अधिक आत्मीय होकर बातचीत कर सकेंगे। आज जीवनसाथी की तरफ से आपको लाभ हो सकता है।

वृश्चिक: आज आप नए विषय सीखने में रुचि पैदा करेंगे। आप अत्यधिक अपेक्षाएं न रखें और हरेक बात में अपनी राय न दें, क्योंकि ऐसा करने से आपकी छवि खराब होने की संभावना है। आज ऑफिस में उच्च पदाधिकारयों और सहकर्मियों के साथ आपको संघर्ष से बचना चाहिए।

धनु: मनोरंजन और मौज-मस्ती आपको खुश रखेंगे। दोस्तों और परिवारजनों के साथ खूब अच्छई तरह समय व्यतीत होगा। शाम के समय अपने प्रिय व्यक्ति के साथ बाहर भोजन करने बाहर जाएंगे।

मकर: आज आप भविष्य का विचार करेंगे और योजनाएं बनाने में समय व्यतीत करेंगे। योजनाओं के अमलीकरण के लिए समय अनुकूल है। आज आप निकटस्थ व्यक्तियों के समक्ष प्रेम प्रदर्शित करेंगे।

कुंभ: आप पुरानी वस्तुओं के प्रति नए दृष्टिकोण अपनाएंगे और कार्य अधिक रुचिकर बने रहेंगे। आप अपने कार्य में अधिक अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। आज अचानक धन लाभ हो सकता है।

मीन: आप अचानक ही पैसे का मूल्य समझने लगेंगे। जिससे आप मितव्ययितापूर्वक पैसे का उपयोग करने का आयोजन करेंगे। बचत को अधिक महत्त्व देंगे।

संजय लीला भंसाली की फिल्म में नजर आ सकते हैं कार्तिक

अभिनेता कार्तिक आर्यन के सितारे बुलंदियों पर हैं। उनके खाते में एक के बाद एक कई फिल्में हैं। आमतौर पर उनका शेड्यूल काफी व्यस्त रहता है। अब उनकी एक नई फिल्म को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। खबरों की मानें तो वह मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म में नजर आ सकते हैं। भंसाली और कार्तिक की जोड़ी वाकई में कमाल की होगी और फैंस उनके साथ आने का इंतजार कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, कार्तिक फिल्ममेकर भंसाली की अगली फिल्म में दिखने वाले हैं। कार्तिक को हाल ही में फिल्म निर्माता भंसाली के जुहू स्थित कार्यालय के पास स्पॉट किया गया था। कार्तिक ने भंसाली के ऑफिस से बाहर आने के बाद फोटोग्राफर्स से अपनी तस्वीरें भी खिंचावाई थीं। वह एकदम कूल अंदाज में नजर आए थे। इस दौरान उन्होंने अपना हाथ हिलाते हुए फैंस और मीडिया का अभिवादन किया था।

भंसाली की फिल्म बैजू बावरा के साथ भी कार्तिक का नाम जुड़ा है। पिछले साल जुलाई में खबरें आई थीं कि रणबीर कपूर के बाहर होने के बाद उन्हें फिल्म में शामिल किया गया है। कार्तिक ने भी फिल्म में काम करने की इच्छा जताई थी। फिल्म की कहानी 1952 में आई सुपरहिट फिल्म बैजू बावरा पर आधारित होगी, जिसका निर्देशन विजय भट्ट ने किया था।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने पूरी की नूरानी चेहरा की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर नूरानी चेहरा के रैप-अप की झलकियां साझा कीं, जिसकी वह शूटिंग कर रहे थे। उन्होंने अपने साथी कलाकारों और परियोजना के चालक दल के साथ तस्वीर खिंचवाई। अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते हुए, उन्होंने कैप्शन में टीम के लिए एक हार्दिक नोट लिखा। अभिनेता ने लिखा, यह नूरानी चेहरा को फिल्माने के सबसे खुशी के अनुभव में से एक है। अद्भुत सह-अभिनेताओं की वजह से यह अधिक मजेदार था। कैप्शन को जारी रखते हुए उन्होंने फिल्म के निर्देशक और निर्माताओं के प्रति आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने लिखा कि सबसे अच्छे निर्देशक नवनीत सिंह के साथ काम करना, सबसे अद्भुत निर्माताओं कुमारमंगतपथक हैशटैग राजीव मल्होत्रा, सुनील दीपकर शर्मा के साथ काम करना मजेदार था।

हेल्दी ट्विस्ट देते हुए घर पर ही बनाएं बाजार जैसा 'बकलावा'

सामग्री :

16 फाइलो शीट (सुपरमार्केट और ऑनलाइन स्टोर में आसानी से मौज़ूद), 1 कप बारीक कटे मिक्स्ड नट्स, 100 ग्राम मक्खन, खांड या ऑर्गेनिक शुगर से बनी चाशनी (ऊपर डालने के लिए), 1/4 कप खांड/गुड़/ऑर्गेनिक शुगर, 5 टेबलस्पून पानी, 1 इंच दीलचीनी स्टिक, 4-5 साबुत इलायची, 1 नींबू का रस (क्रिस्टल बनने से रोकने के लिए)

विधि :

- धीमी आंच पर मक्खन को पिघलाएं।
- एक फाइलो शीट पर अच्छी तरह मक्खन लगाएं। उस पर कटे हुए नट्स और थोड़ा मक्खन डालें। चॉप्स्टिक या फिर किसी भी पतली स्टिक का इस्तेमाल कर उसे रोल करें। सुंदर-सा किनारा तैयार करने के लिए इसे एक साथ मोड़ें। इसी तरह 7-8 या फिर आपकी ट्रे की साइज़ के अनुसार तैयार करें। पसंदीदा आकार में इसे काटें। अब इसे बेकिंग ट्रे पर रखें। 180 डिग्री सेल्सियस पर अवन को प्रीहीट करें। ट्रे को अंदर सेट करने के बाद करीब 25-30 मिनट तक बेक करें।
- अब इसे अवन से बाहर निकालें और गर्म बकलावा को चाशनी में डुबोएं। चाशनी बनाने के लिए चाशनी की सारी सामग्री को एक साथ उबालें। उसे ठंडा करें। ज़रूरत से ज़्यादा न पकाएं, वरना वह जम जाएगी। इसे 3 घंटे के लिए चाशनी में डूबा रहने दें। इसे सर्व करें। आप इसे एक हफ्ते तक एयरटाइट कंटेनर में भी स्टोर करके रख सकती हैं।

चाशनी का प्रयोग- इसमें ऑर्गेनिक शुगर, खांड या गुड़ की चाशनी का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। ज़रूरी नहीं कि इसे आप अपने घर के लिए रिफाइंड शुगर से बनाएं। घर पर जिस भी इंग्रीडिएंट्स का यूज़ करें, वह शुद्ध या ऑर्गेनिक ही करें।

शेफ टिप्स- इसमें आप ढेर सारे नट्स और बेरीज़ का इस्तेमाल करें। यकीन मानें इस डिश को आप एक बार घर में ट्राई करेंगी, तो इसे बार-बार बनाने का मन हो जाएगा।

शब्द सामर्थ्य- 29

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 028 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

सू-दोकू- 29

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. खाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.028 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6